वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 396/गोप0/बी.एड./24 दिनांकः 06.05.2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
बी0पी0एड0/बी0एड0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रम
संचालित महाविद्यायलय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय :– बी0पी0एड0/बी0एड0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रम के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर 2023–24 की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंकपर्ण आनलाइन सब्मिट करने एवं उसकी एक प्रति दिनांकः 12.05.2024 तक विश्वविद्यालय को प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बी0पी0एड0/बी0एड0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रम के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर 2023–24 के उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन कार्य करा लिया गया है एवं इनकी प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षकों का आवंटन भी कर दिया गया है परन्तु अभी तक कुछ महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न नहीं करायी गयी है एवं प्रायोगिक परीक्षा एवं सेशनल अंक को आनलाइन सब्मिट नहीं किया गया है जिसके कारण परीक्षा घोषित करने में कठिनाई हो रही है।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश प्राप्त हुआ है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा अभी तक बी0पी0एड0/बी0एड0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रम की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न नहीं करायी गयी है। प्रायोगिक अंक एवं सेशनल अंक सब्मिट नहीं किया गया है वो प्रत्येक दशा में दिनांकः 10.05.2024 तक प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए प्रायोगिक अंक एवं सेशनल अंक आनलाइन सब्मिट करते हुए उसकी एक प्रति विश्वविद्यालय कार्यालय को दिनांकः 12.05.2024 तक प्राप्त कराना सुनिश्चित करें अन्यथा प्रायोगिक एवं सेशनल अंक के अभाव में छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम अपूर्ण रहने पर समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

भवदीय

06.05.24

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वेबमास्टर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक।

परीक्षा नियंत्रक